Regarding air services in Moradabad

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): शुक्रिया सर । मुरादाबाद, ब्रास सिटी से जबदस्त एक्सपोर्ट होता है । यहां पर एक एयरोप्लेन, एयरोड्रोम की सख्त जरूरत है । यह 10 साल से बन रहा है, लेकिन हमें बराबर तारीख पर तारीख मिलती रहती है, लेकिन इस हवाई अड्डे का उद्घाटन नहीं होता है । इसकी कनेक्टिंग रोड, जो जीरो पॉइंट से काशीपुर होती हुई कॉर्बेट नेशनल पार्क जाती है, उस पर इस कदर गड्ढे हैं कि अगर कोई मरीज एम्बुलेंस में जाएगा, तो सही-सलामत नहीं पहुंचेगा । इस पर बाहर के टूरिस्ट भी आते हैं, जिससे हमें बहुत शर्मिंदगी होती है । अत: इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाए ।